दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित


बर्षः- 03
अंकः-264
मुरादाबाद
13 January 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## संक्षिप्त समाचार



### गर्व का पल: जकार्ता में चमका बागपत का लाल, अखिल ने गोल्ड पर साधा निशाना, परिवार और गांव में खुशी का माहौल

बागपत ने अखिल श्योराण ने जकार्ता में गोल्ड पर निशाना साधा है। अखिल के गोल्ड जीतने पर परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले अंगदपुर के शूटर अखिल श्योराण ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। अखिल के पदक जीतने पर परिवार व ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बागपत के अंगदपुर गांव के रहने वाले किसान रविंद्र श्योराण के बेटे अखिल श्योराण ने शुक्रवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 जकार्ता में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में 460.2 के स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले अखिल ने चीन के हांगझाऊ में एशियन गेम्स 2023 में भारतीय पुरुष 50 मीटर थ्री पोजिशन राइफल टीम में ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले के साथ 1769 के रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता था।इससे पहले भी अखिल ने अजरबैजान में हुई आईएसएसएफ विश्व शूटिंग चैंपियनशिप व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य व टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश को पांचवां ओलंपिक कोटा दिलाया था।


सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित


## पीएम मोदी का नासिक में रोड शो; रामकुंड-कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की,भक्तों संग झांझ-मंजीरा बजाया



रोड शो के बाद पीएम मोदी गोदावरी नदी के तट पर स्थित रामकुंड पहुंचे, जहां उन्हें नासिक पुरोहित संघ के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने पारंपरिक पगड़ी भेंट की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले नासिक में रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल मौजूद थे। रोडशो के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गोदावरी नदी किनारे स्थित रामकुंड में पूजा-अर्चना की।इसके बाद वे श्री कालाराम मंदिर पहुंचे और यहां भी पूजन किया। पीएम मोदी ने यहां वाद्य यंत्र (मंजीरा) भी बजाया। इसके बाद पीएम ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन भी किया।दो किलोमीटर लंबा रोड शो 35 मिनट तक चला- बता दें कि प्रधानमंत्री का रोड शो होटल मिर्ची चौक से शुरू हुआ। हजारों लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए रोड शो वाले मार्गों पर मौजूद थे। इस दौरान अनेक कलाकारों और आदिवासियों ने प्रस्तुतियां दी।

विशेष समूहों जैसे 'नासिक ढोल' ने भी कार्यक्रम पेश किया। रोड शो लगभग 35 मिनट तक चला और दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने के बाद संत जनार्दन स्वामी महाराज चौक पर खत्म हुआ।पीएम मोदी को पारंपरिक पगड़ी भेंट की गई- रोड शो के बाद पीएम मोदी गोदावरी नदी के तट पर स्थित रामकुंड पहुंचे, जहां उन्हें नासिक पुरोहित संघ के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने पारंपरिक पगड़ी भेंट की। प्रधानमंत्री ने वहां जल पूजन और आरती की। उन्होंने अखिल भारतीय स्वामी समर्थ गुरुकुल पीठ के प्रमुख अन्नासाहेब मोरे, नासिक स्थित कैलास मठ के स्वामी संविदानंद सरस्वती और भाजपा के आध्यात्मिक प्रकोष्ठ के तुषार भोसले से भी मुलाकात की।कालाराम मंदिर में पूजा-अर्चना की प्रधानमंत्री ने भगवान राम के प्रख्यात मंदिर कालाराम मंदिर में पूजा अर्चना की। यह मंदिर दो मार्च 1930 को बीआर आंबेडकर द्वारा मंदिर में दलितों के प्रवेश की मांग को लेकर शुरू किए गए विरोध प्रदर्शन के लिए भी जाना जाता है।

कालाराम मंदिर में स्वच्छता अभियान में भी हिस्सा लिया प्रधानमंत्री मोदी ने नासिक के कालाराम मंदिर में स्वच्छता अभियान में भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने सभी से देश भर के मंदिरों में स्वच्छता गतिविधियां चलाने की भी अपील की थी।

## सीएम ने कहा, अयोध्या होगा दुनिया का सबसे भव्य टूरिस्ट स्पॉट, एक वर्ष में 31 करोड़ पर्यटक आए




स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति तक न रुकने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े 31 करोड़ पर्यटक आए। इससे प्रदेश में विभिन्न तरह के रोजगार का सृजन हुआ है। 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अयोध्या सबसे विकसित और भव्य टूरिस्ट स्पॉट होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के धार्मिक पर्यटक स्थल को विकसित कर रही है। काशी विश्वनाथ में पहले एक साथ पचास श्रद्धालु भी खड़े नहीं हो पाते थे। कॉरिडोर बन जाने से अब पचास हजार श्रद्धालु एक साथ धाम में एकत्र होकर धार्मिक आयोजन में भाग ले सकते हैं। सीएम ने स्मार्ट फोन और टेबलेट का किया वितरण -सीएम योगी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप/इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन/टैबलेट का वितरण किया। साथ ही सीएम योगी ने 'My Bharat' पोर्टल के माध्यम से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। इसके अलाव 14 जनवरी से प्रारंभ हो रहे विशेष स्वच्छता अभियान से उन्होंने युवाओं से और प्रदेश के समस्त नागरिकों को जोड़ने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई - सीएम अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति तक न रुकने का संदेश दिया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद की इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। क्योंकि हर राह की एक मंजिल होती है, जब हम अपनी सही मंजिल और मार्ग का चुनाव करके आगे बढ़ेंगे तो निश्चित की हमें सफलता मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि विवेकानंद यूथ अवार्ड के तहत हमारी सरकार प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को जोड़ रही है। इसके तहत युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन दिया जा रहा है। भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता - योगी सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस राज्य है, जो किसी के सामने हाथ नहीं फैलता है। अब यूपी के पास युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए पंच प्रण- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, नागरिक कर्तव्य और एकता एवं एकजुटता का संकल्प दिया है। इन्हीं संकल्पों के साथ यदि हम पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। परिवारवादी लोग पहले युवाओं को जाति का झुनझुना पकड़ाते थे - योगी सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। परिवारवाद की राजनीति करने वाले लोग युवाओं को जाति का झुनझुना पकड़ाते थे। वे लोग जब सत्ता में आते थे अपनी जाति का अहित करते हुए अपने परिवार के कल्याण में लग जाते थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के अंदर सबसे अधिक युवा भारत में हैं और भारत में सबसे अधिक युवा उत्तर प्रदेश में हैं। यहां पर 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है, जिन्हें हमें काम देना होगा। इसके लिए हमें जाति, मत, मजहब और क्षेत्र से ऊपर उठना होगा। जब पूरा भारत राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ मिलकर कार्य करेगा तो कोई ताकत हमारे देश को आगे बढ़ने से नहीं रोक पाएगी। युवा हुए सम्मनित- कार्यक्रम में सीएम योगी ने 500 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किया। साथ ही सीएम योगी ने स्टार्टअप श्रेणी में दो और इनक्यूबेटर्स श्रेणी में पांच लोगों को संयुक्त रूप से पौने तीन करोड़ रुपए की सहायता वितरित की। इसके अलावा उन्होंने विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में 10 युवक और युवतियों को प्रशस्ति पत्र और 50-50 हजार रुपए की धनराशि देकर सम्मानित किया। वहीं विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के अंतर्गत युवक और महिला मंगल दल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को सीएम योगी ने क्रमशः एक लाख, पचास हजार और 25 हजार रुपए की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

## अखिलेश यादव बोले: मुझे कूरियर से भेजा गया प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण, बंगला धुलाने की तरह ही फिर किया अपमानित



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान श्री राम के नाम पर हम अपमानित न करें। मुझे कोई निमंत्रण नही मिला। कोई कूरियर भी नहीं आया। न घर पर न ऑफिस में।अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे पता चला है कि मेरे लिए 22 जनवरी का निमंत्रण कूरियर के माध्यम से भेजा गया, लेकिन यह कूरियर मुझे आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। मीडिया के लोग ही मुझे भेजे गए कूरियर की रसीद उपलब्ध करवा दें। उन्होंने कहा की अयोध्या मंदिर में दिव्यांगों, बुजुर्गों और बच्चों को जाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि दुनिया में सभी जगह हर ढांचे को बनाने में इस बात का विशेष ख्याल रखा जाता है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जिस तरह से निमंत्रण की खबर चलाई जा रही है, उससे मुझे अपमानित किया जा रहा है ठीक उसी तरह से जैसे मुख्यमंत्री आवास को गंगाजल से धोकर अपमानित किया गया था। भगवान श्री राम के नाम पर हम अपमानित न करें। मुझे कोई निमंत्रण नही मिला। कोई कूरियर भी नहीं आया। न घर पर न ऑफिस में। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर योजना पीडीए को रोकने के लिये लाई गई है। इंडिया गठबंधन सीट शेयरिंग में रामगोपाल यादव हैं। 2019 व 2022 चुनाव का आंकड़ा हम लोगों के सामने है। अखिलेश यादव ने कहा कि कम ही ऐसे लोग हैं, जिनसे लोगों ने प्रेरणा ली है। विवेकानंद इन्हीं लोगों में शामिल थे। उन्होंने शिकागों में जो भाषण दिया। उसमें भारत व उस संस्कृति की बात थी। उन्होंने गरीब की सेवा का मंत्र दिया। भाजपा का रास्ता वह नहीं है जो विवेकानंद ने दिया। उन्होंने कहा कि नौकरियों का रास्ता आगे के लिए खत्म किया जा रहा है। पीडीए सपा व समाजवाद को दिशा देंगे। खुद आर्मी चीफ ने कहा कि 27 तक एक लाख सेना कम हो जाएगी। अग्निवीर योजना पीडीए को रोकने के लिये लाई गई है। पहले सेना में पीडीए की भर्ती होती थी। इवेंट के जरिये सरकार जनता का ध्यान भटक गया।

## कांग्रेस ने अब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ही उठाए सवाल, पूछा- भाजपा ने किस पंचांग का किया उपयोग



राम मंदिर को लेकर राजनीति चरम पर है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने के बाद अब कांग्रेस ने कार्यक्रम पर ही सवाल उठा दिए हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा इसके जरिए केवल अपनी राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि चारों शंकराचार्यों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार करने के बाद अब कांग्रेस ने कार्यक्रम पर ही सवाल उठा दिए हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा इसके जरिए केवल अपनी राजनीति कर रही है।भाजपा से पूछे सवाल- प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के समय पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा से पूछा कि क्या यह कार्यक्रम चार पीठों के शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा या नहीं। खेड़ा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए एक प्रणाली होती है। यदि यह आयोजन धार्मिक है, तो क्या यह चार पीठों के शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में हो रहा है? अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती- कांग्रेस नेता ने कहा कि चारों शंकराचार्यों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि अगर ये आयोजन धार्मिक नहीं है तो राजनीतिक है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये स्वीकार्य नहीं है कि एक राजनीतिक दल के लोग मेरे और मेरे भगवान के बीच बिचौलिए बनकर बैठें। भाजपा से पूछा सवाल- कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि समारोह की तारीख तय करने से पहले भाजपा ने किस पंचांग का उपयोग किया है? या फिर चुनाव को ध्यान में रखते हुए तारीख चुनी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंह देव ने भी आगामी लोकसभा चुनाव के करीब, अयोध्या में भव्य राम मंदिर में प्राण पतिष्ठा समारोह के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आयोजन विशुद्ध रूप से धार्मिक नहीं है और इसमें अलग-अलग राजनीतिक निहितार्थ हैं।

## एक पार्टी में दो व्हिप होने का सवाल ही नहीं, विवाद पर बोले विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर

राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना में विभाजन के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायकों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के सचेतक भरत गोगावल के व्हिप का ही पालन करना होगा। महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के शिवसेना को लेकर फैसले के बाद अब व्हिप को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इसी बीच, शुक्रवार को राहुल नार्वेकर ने कहा कि राज्य विधानमंडल में केवल एक ही शिवसेना विधायक दल है। शिवसेना के सभी विधायकों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के सचेतक भरत गोगावल के व्हिप का ही पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि एक पार्टी में दो व्हिप हो ही नहीं सकते। गौरतलब है कि व्हिप पार्टी विधायकों के लिए बाध्यकारी है, ऐसा न करने पर उन्हें अयोग्य करार दिया जा सकता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना में विभाजन के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के खिलाफ अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया है। शिंदे गुट को असली शिवसेना की मान्यात देने के बाद नार्वेकर विपक्ष के निशाने पर हैं। उद्धव ठाकरे ने राहुल नार्वेकर के फैसले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। हा कि स्पीकर के सामने केवल शिवसेना विधायक दल है, न कि अलग-अलग गुट। बुधवार को राहुल नार्वेकर ने शिवसेना विधायकों से जुड़ी अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला सुनाया था। अपने निर्णय में उन्होंने शिंदे गुट को ही असली शिवेसना करार दिया, साथ ही भरत गोगावले को पार्टी सचेतक के तौर पर मान्यता दी।

## संपादकीय Editorial

# Supreme justice to Bilkis

The Supreme Court's decision in the Bilkis Bano case proved that justice and law are still alive. Criminals cannot be freed. Criminals and their powerful masters are dwarfs before the law. Ultimately they will have to surrender before the law. Criminals and rapists will return to jail. Bilkis has the courage to keep fighting the court battle. He also did not have enough resources. She had collapsed mentally and emotionally. The rape was committed during the Godhra riots. Bilkis was pregnant at that time. Despite this, the 'human wolves' gang-raped her, killed her three-year-old daughter and other family members. Was he a human being or was he more of an animal than an animal? No religion or sect teaches anything so heinous and barbaric. Of course, the rapists were convicted and put in jail in 2008. The struggle of Bilkis and his family was extremely heartbreaking and difficult. For them, justice seemed to be shrinking when all the criminals were released on August 15, 2022. That was the decision of Gujarat government. However, in view of the laws of 1992 and 2014, the release was illegal as it was not within the jurisdiction of the Gujarat government. Not only was the law misinterpreted, but facts were also hidden from the court and wrong information was given. This was a judicial offense by the Gujarat government. Shouldn't their accountability be fixed? 15th August is the Independence Day of the country, but on the same day, the heinous criminals were not only forgiven their sentences but were also given honorable release, fed sweets and garlanded with flowers. Why was this honor given? In the context of Godhra communal riots, was a woman of a particular religion honored by people of a particular religion for destroying her honour? The statement of Justice BV Nagarathna and Justice Ujjal Bhuyan is accurate and in favor of human rights that it is necessary to protect the rule of law.

Protection of the fundamental right to equality given in the Constitution is also necessary. This judicial decision should be remembered in these contexts and resolutions.

Of course, the Godhra riots broke out in Gujarat, but the punishment was given under the jurisdiction of the Maharashtra government, hence only it has the constitutionality of 'abhaydan'. It is a coincidence that now there are BJP governments in Gujarat and Maharashtra. Of course, the Supreme Court has ordered to surrender in jail within two weeks. The release of the criminals has been rejected as 'illegal', but the rapists can still file a review petition within 30 days and seek 'amnesty' from the Maharashtra government. The trial was transferred from Gujarat to Maharashtra,

hence the role of Maharashtra is important. At that time the atmosphere in Gujarat was also not favourable. The question is, why did the Gujarat government not file a review petition on the decision given by another bench of the Supreme Court in May 2022? By misinterpreting the same, the Gujarat government had given 'liberation' to the rapists. The Supreme Court also has some fault in this whole perspective. The probing questions he should have asked were not asked. Only one convicted person had filed the petition in 2022. If some questions had been raised then, the Supreme Court would not have had to change another decision of its own. After the decision of the Supreme Court, the Gujarat government decided to release the rapists. Like Bilkis, the human rights of every citizen must be respected.

# Youth Day Special: Swami Vivekananda used to give the message of moving forward in every sphere of life.

The body is for earning money. There are few to decorate the body after polishing it safely in cotton. This was a new thing. Saints playing football – this was a completely new thing. Otherwise, the old belief of old India was that if the monks see someone playing, they should say, "Today he is playing, tomorrow the child will play with him." See, there have always been many people who imparted bookish knowledge. . Swami Vivekananda is unique because of the ideals he lived and presented. You would have seen very few saints and ascetics who had such a well-built body as Vivekananda had. Sports and exercise had a built-in place in his daily routine, and not just individually; Tell your colleagues also - "It is necessary, exercise is necessary." Now understand this; Is subtle. On the one hand, the body has to be maintained, and on the other hand, one must not get attached to the body - as the body is a tool, a resource; Have to use it. But whatever you have to use, you will keep it healthy and strong just to use it, right? So it has to be kept strong. He said, "We have to keep it strong, but we should not tie our identity to it. When the opportunity comes, we will give it up with a smile and as much as we are serving the body, as much as we are giving it oil, as much as we are giving it exercise." , will take twice as much work out of it. So body, don't think that I am just honoring you. Will serve the body absolutely; will give it good food, will keep the muscles full of strength, and by doing all this will extract work from you. " The body is for earning money. There are few to decorate the body after polishing it safely in cotton. This was a new thing. Saints playing football – this was a completely new thing. Otherwise, the old belief of old India was that if a Sanyasi sees someone playing, he should say, "Today he is playing, tomorrow the child will play with him." So, Swami Vivekananda gave strength to the crumbling spirituality of this collapsing country - "Strength is life, weakness is death." It sounds like a simple thing, but it is a very valuable and relevant thing, because India is very old; It became so old, it became old, it became old, it became tattered; Completely forgot about power and strength. Swami Vivekananda infused new life into that old India. Look at the revolutionary ideals he presented through his life. Don't look at him as just a master, or don't look at him as just a speaker or writer. You will not know much about Swami Vivekananda from his works. If you say, "If I read his books on Raja Yoga or Karma Yoga, I will know who Swami Vivekananda was," then it will not work. You have to look at that man's life - he was a very handsome, young man. And when you look closely at his life, you will fall in love; You will definitely become a fan, fan. Because many people talked about yoga etc., Swami Vivekananda also did it, who knows how many people are doing it even today. When has there been a shortage of words in India? There are a lot of people talking, but very few people doing things. He demonstrated it. He himself stood in front and presented an ideal, and a completely new kind of ideal – he brought spirituality down to the ground, took it out on the streets; Not only in India but also on the streets of America. If knowledge has come into life, in any way - Vivekananda had met Ramakrishna, through that means knowledge had come into his life. If knowledge has entered your life through any means, then after knowledge you need a mission. If Ramakrishna Guru is found, then Ramakrishna Mission will definitely come. I keep saying, "Don't tell me what you know. Show me how you live." All this knowing, information, knowledge etc. is not a thing of much value; Many know. And the central thing that Vivekananda believed in living was 'strength'. Show me how much strength you have in your life?

# Economy: Good results may continue this year also, political and economic conditions are favourable.

The Indian economy can continue the good results of last year this year too, as the country is benefiting from political stability, economic policy stability and China's plus one strategy. However, due to geopolitical reasons and the risk of recession in major economies, India may also be affected to a greater or lesser extent. The year 2024 is going to be another good year for the Indian economy, stock market and rupee. All factors, both domestically and globally, are positive for India. Elections are going to be held in more than 70 countries around the world this year, so there will be a lot of political activity and possible changes. Although the world fears a recession in the year 2024, most countries are expecting a sharp recovery in their economies and avoiding recession. The global growth rate this year is expected to be around two percent. India is expected to have the highest growth rate, with gross domestic product (GDP) growth estimated at 6.5 percent on a real basis, while 11 percent on a nominal basis. After a sharp rise in interest rates in 2022 and the first half of 2023, major central banks, from the US Federal Reserve to the European Central Bank and the Bank of England, are expected to cut interest rates as economies slow. Are. The biggest thing is that China's economy is also slowing down, due to which the prices of commodities have fallen, which is positive for a big commodity importer like India. US interest rate cuts generally weaken the dollar. It also increases foreign portfolio inflows into emerging market economies. This is a favorable situation to increase the inflow of foreign money into India in the year 2024. The falling price of crude oil is another positive sign for the global and Indian economy this year. In this favorable global backdrop, the prospects for the Indian economy look favourable. India is truly enjoying 'Amrit Kaal' on key parameters like rising direct and indirect taxes, control on inflation, control on fiscal deficit, current account deficit and increasing acceptance of rupee. A large increase in government spending on infrastructure development will bring considerable economic benefits to the economy over the next few years. Boosting infrastructure across sectors – roads, railways, ports, airports and waterways – is expected to drive a huge increase in private capital expenditure in the second half of 2024. Every rupee spent on infrastructure has a four to six times impact on economic output or GDP growth. There is a high probability of policy continuity with the ruling coalition expected to get another term in the parliamentary elections to be held in April-May this year. This will increase the confidence of investors to expand capacity and undertake green projects. A record number of homes were purchased in the year 2023. Given the rapidly increasing earnings and huge demand in the housing sector, the real estate sector is likely to remain bullish for the next seven to ten years. Corporate income growth is also expected to be in the range of 14-15 percent for the next few years. This is also reflected in the surge of stock market indices, which reached record highs in the year 2023 and are expected to continue at the same pace this year. Risks have been eliminated from corporate balance sheets and debt levels have also declined over the years. Banks have created separate capital buffers to cover unplanned expenses and eliminate NPA related problems. Corporate houses are getting funds available from stock markets, bond markets and banks and non-banks for their development needs. India's inclusion in global bond indices will also lead to large inflow of long-term foreign funds into the Indian bond markets. This will reduce the cost of raising funds and enrich the Indian bond market. The Reserve Bank of India had increased interest rates by 250 basis points in May 2022. It is expected that the Reserve Bank will cut rates by 50 basis points in July-August this year. India's ten-year government bond yields are expected to remain stable at around 6.6-6.75 per cent by the end of the year. There is a risk of recession in the American, European and Chinese economies, which will also slow down India's growth. There is also a risk of supply chain disruptions or rising oil prices due to geopolitical risks. Apart from this, weak monsoon due to El Nino effect can pose a challenge. Rural demand is weak and any further impact on the agricultural economy will also impact rural purchasing power. In the stock market, big companies (large caps) will perform better this year, while small and medium companies have already performed well in 2023. Domestic-oriented sectors, such as banks and other financial sectors – from mutual funds to insurance companies, will be the preferred sectors. Stocks linked to infrastructure, power, construction, real estate, railways, defense sectors will also continue to grow their revenues and earnings. It will take a few quarters for IT sector stocks to regain momentum as order inflows and earnings are expected to remain sluggish due to the global slowdown. After several years of poor performance, shares in the pharma sector are also looking attractive. Indian Rupee to be hit by higher inflows of foreign investment and weak US dollar This will help in gaining two-three percent against the dollar. Bilateral and multilateral agreements on rupee-based trade will get a boost, especially with Middle East and African countries. Although it will take a long time for the rupee to become a globally accepted reserve currency, some progress will definitely be made in this direction. Overall, the Indian economy may continue the good results of last year this year too, as India is benefiting from political stability, economic policy stability and China's plus one strategy. This year also, around 12-15 percent returns are expected in the Indian markets. India's inclusion in global bond indices will also lead to large inflow of long-term foreign funds into the Indian bond markets. This will reduce the cost of raising funds and enrich the Indian bond market. The Reserve Bank of India had increased interest rates by 250 basis points in May 2022. It is expected that the Reserve Bank will cut rates by 50 basis points in July-August this year. India's ten-year government bond yields are expected to remain stable at around 6.6-6.75 per cent by the end of the year. There is a risk of recession in the American, European and Chinese economies, which will also slow down India's growth. There is also a risk of supply chain disruptions or rising oil prices due to geopolitical risks. Apart from this, weak monsoon due to El Nino effect can pose a challenge. Rural demand is weak and any further impact on the agricultural economy will also impact rural purchasing power. In the stock market, big companies (large caps) will perform better this year, while small and medium companies have already performed well in 2023. Domestic-oriented sectors, such as banks and other financial sectors – from mutual funds to insurance companies, will be the preferred sectors. Stocks linked to infrastructure, power, construction, real estate, railways, defense sectors will also continue to grow their revenues and earnings. It will take a few quarters for IT sector stocks to regain momentum as order inflows and earnings are expected to remain sluggish due to the global slowdown. After several years of poor performance, shares in the pharma sector are also looking attractive. Indian Rupee to be hit by higher inflows of foreign investment and weak US dollar This will help in gaining two-three percent against the dollar. Bilateral and multilateral agreements on rupee-based trade will get a boost, especially with Middle East and African countries. Although it will take a long time for the rupee to become a globally accepted reserve currency, some progress will definitely be made in this direction.

# स्वामी विवेकानंद ने अपने कार्य व जीवन आदर्श से पूरी दुनिया को किया प्रभावित




मुरादाबाद-स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला इकाई की ओर से वाद - विवाद प्रतियोगिता विषय युवा मतदाता भारत का भाग्यविधाता का आयोजन महाराज अग्रसेन इंटर कॉलेज में हुआ।

प्रत्योगिता में छात्र - छात्राओं व युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमे निर्णायक मंडल ने प्रथम स्थान - शिवम राणा , द्वितीय स्थान - अदनान , तृतीय स्थान - प्रिंस को दिया। विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत कर सभी प्रतिभागियों व विजेताओं का उत्साह वर्धन किया ।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पण्डित ने कहा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर देश के युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विवेकानंद के विचार हमेशा से युवाओं को प्रेरणा देते आए हैं। यही कारण है कि 1984 के बाद से उनकी जयंती पर युवा दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी।

स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को देश के युवाओं के बीच फैलाने के उद्देश्य से इसे मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक कशिश चौहान ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरूण शुक्ला, शरद कौशिक, अमन ठाकुर, अभिनव गुप्ता, अक्षय गुप्ता अन्य भाजपा नेता व शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट की सड़क पर जाम में फंसे एसएसपी तो आया गुस्सा, Video Viral



मुरादाबाद-कलेक्ट्रेट में डीएम और एसएसपी कार्यालयों तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क पर अतिक्रमण को लेकर गुस्साए एसएसपी हेमराज मीणा ने अतिक्रमणकारियों को जमकर हड़काया। एसएसपी को एक्शन में देखकर कचहरी परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट द्वार के सामने खड़ी एक कार को क्रेन से उठवाकर सिविल लाइन्स थाने भेज दिया गया।

एसएसपी ने चेतावनी दी की चैंबर्स के आगे वाहन न खड़ा करें। साथ ही चैंबर्स के आगे टेबल डालकर टाइपिस्ट करने वालों को भी चेतावनी दी गई है। आपको बता दें कि एसएसपी अपने कार्यालय से वापस सरकारी वाहन में सवार होकर जा रहे थे।

तो उनका वाहन निकलने में लगभग 10 मिनट का समय लगा। गुरुवार को भी जब एसएसपी ने देखा तो वाहन खड़े हुए हैं तो वह गाड़ी से उतरकर एकदम एक्शन में आ गए। इस दौरान अनेक दो पहिया वाहनों के चालान भी तत्काल यातायात पुलिस द्वारा काटे गए। सूचना मिलने पर सीओ कोतवाली एवं इंस्पेक्टर सिविल लाइन्स भी वहां पहुंच गए। एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए के किसी भी तरह से यहां अतिक्रमण न हो। वहीं शुक्रवार को टीम ने कचहरी पर जाकर रियलिटी को चेक किया तो पाया कि अतिक्रमण का सफाया हो चुका है और वहां पर लगने वाले बेतरतीब वाहन, रेडी पटरी और ठेले भी हटे हुए हैं।

जिससे आम लोगों को अब वहां से गुजरने में किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा।

# छात्रों की समस्याओं को दूर करेगा समाधान पोर्टल, ऑनलाइन करना होगा आवेदन

मुरादाबाद-माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए समाधान पोर्टल शुरू किया है। सभी समस्याओं का समाधान अब पोर्टल के जरिये ही किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जनपद के छात्र-छात्राओं को पहले छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए स्कूल, कॉलेज से लेकर बोर्ड कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब इस पर मूल प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट प्रमाण पत्र, मूल अंकपत्र, डुप्लीकेट अंकपत्र, संशोधित प्रमाण पत्र, संशोधित अंकपत्र, निरस्त परीक्षाफल, रोके गए परीक्षाफल, अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण परीक्षाफल, बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपडेट करना, माइग्रेशन प्रमाण पत्र समेत 13 समस्याओं का निराकरण समाधान पोर्टल पर आनलाइन किया जाएगा। पहले छात्र-छात्राओं की समस्याओं को दूर करने के लिए काफी परेशानी होती थी। इसमें उनके समय और धनराशि दोनों की बर्वादी होती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। डीआईओएस डॉ अरुण कुमार दुबे ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विद्यार्थियों को पंजीकरण के बाद आईडी और पासवर्ड संभालकर रखना होगा।



# कोहरे की मार ने रोक दी ट्रेनों की चाल, पुरबिया एक्सप्रेस ने देर से चलने का बनाया रिकॉर्ड

मुरादाबाद-रेलवे में फॉग सेफ डिवाइस और जीपीएस से भी ट्रेनों का संचालन समयबद्ध नहीं हो पा रहा है। कोहरे ने अधिकतर लंबी दूरी की ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। जिसकी वजह से यात्री स्टेशन पर भटक रहे हैं। सनसनाती हवा बड़ी परेशानी उत्पन्न कर रही है। कोहरे की वजह से सुबह पहुंचने वाली ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम कुछ ऐसे है- सुबह के 11=02 बजे आने वाली गरीब रथ 43 मिनट देर से चल रही है। अवध-असम एक्सप्रेस भी 33 मिनट प्रभावित है। राजधानी एक्सप्रेस को यहां 10=47 बजे आना था। वह 1=19 बजे आएगी। पुरबिया एक्सप्रेस ने पांच घंटे देर से चलने का रिकॉर्ड बना दिया। हिमगिरी एक्सप्रेस भी 3=33 घंटे देर यानी 1=38 बजे पहुंचेगी। कुंभ एक्सप्रेस 1=26 घंटे विलंब से चल रही है। अप दिशा की अवध असम एक्सप्रेस 3=55 घंटे विलंबित हे। देहरादून एक्सप्रेस 8=21 घंटे देर से 3=11 बजे आएगी। जननायक, न्यूजलपाईगुड़ी, वाराणसी साप्ताहिक एक्सप्रेस भी देर से चलने को सूचित है। सियालदह एक घंटे और जनसाधारण स्पेशल चार घंटे देर से चल रही है।

# महानगर को जाम से मिलेगी राहत, सीधे टर्मिनल पहुंचेगी आपूर्ति



मुरादाबाद-पीतलनगरी के कारोबार को बेहतर परिवहन की सुविधा मिलने वाली है। महानगर से औद्योगिक महानगरों और बंदरगाहों तक यहां के उत्पादों की आपूर्ति आसान होगी। रेलवे ने निजी कंपनी को दलपतपुर में मल्टी कार्गो टर्मिनल का निर्माण सौंपा है। मार्च तक इस टर्मिनल का निर्माण पूरा होना है। लोकोशेड में स्थित कानकोर का अपना डिपो है, जिससे यहां के उत्पाद रेलवे के जरिए निर्धारित क्षेत्रों को भेजे जाते हैं। इससे दिल्ली रोड पर समय-समय पर जाम भी लगता है। अब रेल प्रबंधन ने गति शक्ति योजना के तहत दलपतपुर में कार्गो टर्मिनल का निर्माण शुरू कर दिया है। हिंद टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड को रेलवे ने 35 साल के लिए कार्गो का ठेका दिया है। 15 फरवरी 2022 को इसका टेंडर जारी हुआ था। निर्माण कार्य इस साल मार्च तक पूरा होना है। बुधवार को रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ टर्मिनल निर्माण की स्थिति देखी थी। उन्होंने हर हाल में समय से सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। इससे बहुत जल्दी पीतल, वुडन और अन्य उत्पादों के सुगम यातायात में रेलवे सहायक बन जाएगा। टर्मिनल से महानगर से रेलवे लाइन और डिपो तक सामान की आपूर्ति सुगम हो सकेगी। फैक्ट्री से उत्पाद कंटेनर के जरिए दलपतपुर पहुंच जाएंगे, वहां आसानी से सामानों की लोडिंग होगी। निर्धारित केंद्र तक समयबद्ध कारोबार की राह आसान होगी। अभी कानकोर डिपो में वाहनों के जाम और अन्य तकनीकी वजह से दिन में डिपो को उत्पाद की आपूर्ति नहीं हो पाती है। नया मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल यहां के कारोबार को चार चांद लगाएगा। कंपनियां किसी भी समय फैक्ट्री से सीधे उत्पाद डिपो तक पहुंच सकेंगे। अभी कानकोर डिपो में यह सुविधा केवल रात के समय ही है। दिन में दिल्ली हाईवे पर वाहनों के संचालन के मद्देनजर कानकोर डिपो तक कंटेनर नहीं पहुंच पाते हैं। रेलवे के सहायक वाणिज्य प्रबंधक विशाल शर्मा का कहना है कि रेलवे ने हिंद टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के साथ 35 साल का करार किया है। विभाग के मानक पर टर्मिनल का निर्माण हो रहा है। निजी कंपनी ही अपने ग्राहक बुलाएगी और उसका किराया रेलवे को देगी। यह मुरादाबाद के कारोबार के लिए अच्छा है और सुगम परिवहन में मददगार साबित होगा।

# गोद लिए बेटे के साथ पत्नी के अवैध संबंध होने का करता था शक, इसलिए कर डाली बेरहमी से हत्या



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद के थाना नागफनी के इलाके दौलत बाग बाल्मीकि बस्ती में तीन दिन पहले शराबी पति ने पत्नी पर चाकुओं के अंधाधुंध वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। सूचना मिलते ही सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया पहले मौके पर पहुंची और कत्ल की जानकारी एसएसपी के साथ एसपी सिटी को दी। गिरफ्तारी के लिए बनाई गईं दो टीमें- मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया द्वारा बारीकी से घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर फोरेसिंक जांच टीम को बुलाते हुए एक-एक साक्ष्य एकत्र किए जाने के आदेश दिए गए। इतना ही नहीं एसपी सिटी के आदेश पर सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया द्वारा हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया था। गोद लिए बेटे और पत्नी पर करता था शक- मृतका बेबी के बड़े बेटे की तहरीर पर हत्यारोपी उसके पिता भूरे के खिलाफ हत्या का मुकदमा थाना नागफनी में दर्ज कर लिया गया था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया ने पुलिस लाइन्स सभागार में आज इस हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि गठित की गई दोनों टीमों की गिरफ्त में आए भूरे से पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक लड़का उसने गोद लिया था। उसे शक था कि उसकी पत्नी बेबी और गोद लिए बेटे के बीच अवैध संबंध बने हुए है।

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन



मुरादाबाद-महानगर के कंपनी बाग में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम दलीय प्रतिबद्धताओं से हटकर आयोजित है। शहर विधायक रितेश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, निर्यात नीरज खन्ना, अवधेश अग्रवाल सहित समाज के विभिन्न वर्ग के लोग एकत्र हुए हैं।

जफर इस्लाम के मीडिया प्रभारी अभिषेक सिंह का कहना है कि मुरादाबाद के नाम से सेल्फी प्वाइंट शुरू किया जा रहा है जिसे, भारत की प्रख्यात कलाकार रूबल नागी ने तैयार किया है।

# श्रीनगर-मनाली से भी ठंडा रहा मुरादाबाद, जिले में आठवीं तक के सभी स्कूल 15 तक बंद

मुरादाबाद-मुरादाबाद मंडल में घना कोहरा छाया हुआ है। इसका असर रेल और यातायात पर पड़ा है। चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड के चलते प्रशासन ने आठवीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मुरादाबाद में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने पहाड़ों को भी पीछे छोड़ दिया। 24 घंटे में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इसकी वजह से बृहस्पतिवार को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान श्रीनगर, नैनीताल, कुल्लू, मनाली से भी कम रहा। सर्दी ने शहरवासियों को बेहाल कर दिया है। उधर, प्रशासन ने आठवीं तक के स्कूलों में 15 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। दिन प्रतिदिन सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रही है।



गलन और ठिठुरन की वजह से शहरवासियों का जन-जीवन अस्त-व्यस्त है। अधिकतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस कम रहा।

बृहस्पतिवार को सुबह शीतलहर चलने की वजह से कोहरा हल्का ही था। ऐसे में शहरवासियों को उम्मीद थी कि बुधवार की तरह चटख धूप खिलेगी। सभी सूर्य भगवान के दर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन धूप नहीं निकलने की वजह से राहत नहीं मिल सकी। नए साल के 11 दिनों में से दो दिन ही चटख धूप खिली है। पूरे दिन बर्फीली पछुआ हवाओं की वजह से गलन में बढ़ोतरी हुई और लोग परेशान नजर आए। कड़ाके की ठंड शहरी क्षेत्र हो या गांव हर जगह ठंड से बचने के लिए लोग अलाव की व्यवस्था करने में जुटे रहे। जगह-जगह लोग अलाव तापते नजर आए। न्यूनतम तापमान में भी दर्ज की गई गिरावट- मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के अधिकारियों के अनुसार न्यूनतम तापमान में .4 डिग्री की गिरावट हुई और तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की गति पश्चिम से पूरब दिशा में पांच से 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जो सामान्य से अधिक है। 78 फीसदी दर्ज की गई। बारिश न होने की वजह है कारण- पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बारिश न होने की वजह से मौसम सामान्य नहीं हो पा रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अमरकंटक को फास्टेस्ट मूविंग सिटी स्वच्छता केटेगरी में मिला राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरूस्कार

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी




कलेक्टर के मार्गदर्शन से मिली सफलता, दिल्ली में नगरीय निकाय अमरकंटक की टीम हुई सम्मानित अमरकंटक मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत फास्टेस्ट मूविंग सिटी स्वच्छता केटेगरी में पवित्र नगरी अमरकंटक को देशभर के एक लाख से कम जनसंख्या के शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है । जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर के द्वितीय पुरूस्कार से पवित्र नगरी अमरकंटक के नगरीय निकाय की टीम को दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में गुरूवार 11 जनवरी 2024 को भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके , मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री चैन सिंह परस्ते , उपयंत्री श्री देवल सिंह बघेल एवं स्वच्छता प्रभारी श्री राम मोगरे को प्रदान किया गया ।

कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता पुरूस्कार प्राप्त होने पर नगरीय निकाय की टीम , नगरवासियों तथा स्वच्छता कामगारों को बधाई और शुभकामनाएं दी है । उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के नेतृत्व पवित्र नगरी अमरकंटक में सूखा कचरा एवं गीला कचरा की मशीन को फंक?शनल कराया गया । नगर में कचरा उठाव एवं कचरे का डोर-टू-डोर कलेक?शन की व्यवस्था सुचारू रूप से कराई गई । इसके साथ ही अमरकंटक में मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों के पूर्णता के लिए सतत समीक्षा एवं मानीटरिंग सुनिश्चित की गई , जिससे प्रोजेक्ट के तहत फुटपाथ लाईट तथा सौन्दर्यीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी । इन्हीं सब प्रयासो से अमरकंटक में ओडीएफ में प्लस प्लस एवं जीडीएस में प्लस केटेगरी प्राप्त हुई है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी




मऊरानीपुर-विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत ढिमरौली द्वारा खंड विकास कार्यालय परिसर में किया गया जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याण योजना करी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई एवं संबंधित विभागों ने अपने अपने स्टोलो के माध्यम से तरह-तरह की योजनाओं की जानकारी दी गई का। शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ0 रश्मि आर्य पप्पू सेठ विशिष्ट अतिथि बुंदेलखंड पीठाधीश्वर बाबा रामदास ब्रह्मचारी प्रदीप पटेल पित्रपाल सिंह पन्नालाल पटेल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर एवं माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब असहाय एवं कमजोर तपके के लोगों के लिए नई-नई योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य लगातार कर रही है आवास योजना शौचालय तमाम प्रकार की पेंशन किसान सम्मन निधि सलाम सहित तमाम योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचा रही है। जिसकी वजह से गरीब तपके के लोगों की जिंदगी आसान बन गई है।

जिले के तमाम अधिकारियों ने लाभकारी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विकास खंड अधिकारी सुनील सिंह ग्राम प्रधान चंद्रभान रैकवार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कौशलेंद्र सिंह चौहान व ब्लाक के तमाम कर्मचारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं बुके भैटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश सरकार के सूचना मंत्रालय के प्रचार वाहन द्वारा टीवी की बड़ी स्क्रीन पर मोदी व योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर तमाम योजनाओं के लाभार्थी व ग्राम पंचायत ढिमरौनी के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हीट वेव कार्ययोजना तैयार करने में जनपद को मिला तृतीय स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

